हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, गुरुवार 7 मई 2026


तापमान

अधिकतम 38 .2 डिग्री
न्यूनतम 15 .6 डिग्री

**शहर में आज**

- मुख्यमंत्री नायब सैनी की सांपला में रैली
- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल आज सुपवा में।
- समाधान शिविर में सुनी जाएंगी समस्याएं।
- जिला उपायुक्त की नगर निगम अधिकारियों के साथ मीटिंग।

**सीएम फ्लाइंग की जांच में बड़ा खुलासा**

# पीजीआई के दो अधिकारियों की पत्नियों ने बिना ड्यूटी किए लिया वेतन, तीन नियमित कर्मचारियों को किया चार्जशीट

**फर्म से जुड़े एक अधिकारी की पत्नी को किया भुगतान**

*बिना काम किए लाखों रुपये का भुगतान, फर्जी उपस्थिति दर्ज करने के आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पंडित बीडी शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएचएसआर) के अंतर्गत आने वाले पीजीआईएमएस में गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड की जांच में खुलासा हुआ है कि एक निजी आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से नियुक्त तीन महिला कर्मचारियों ने बिना कोई ड्यूटी किए लाखों रुपये का वेतन प्राप्त किया। जांच के अनुसार, इन तीनों महिलाओं में से दो, पीजीआईएमएस में कार्यरत वरिष्ठ अधिकारियों की पत्नियां हैं, जबकि तीसरी महिला उसी आउटसोर्सिंग फर्म के एक अधिकारी की पत्नी बताई गई है। रिपोर्ट में सामने आया कि इन कर्मचारियों ने न केवल बिना काम किए वेतन लिया, बल्कि उनकी उपस्थिति का सत्यापन भी संदिग्ध परिस्थितियों में किया गया। वेतन से जुड़े आंकड़े इस पूरे मामले को और गंभीर बनाते हैं। सूत्रों के मुताबिक, एक महिला ने करीब 11 महीनों में 1.68 लाख रुपये से अधिक की राशि प्राप्त की, दूसरी ने 1.16 लाख से अधिक और तीसरी महिला ने 2.5 लाख रुपये से अधिक वेतन लिया। हैरानी की बात यह है कि इनमें से एक महिला ने छह अलग-अलग विभागों से भुगतान प्राप्त किया, जबकि दूसरी ने चार विभागों से वेतन लिया वह भी बिना किसी वास्तविक ड्यूटी के। जांच में यह भी सामने आया कि आउटसोर्स कर्मचारियों की उपस्थिति सत्यापित करने की जिम्मेदारी पीजीआईएमएस के कुछ कर्मचारियों के पास थी, जिन्होंने नियमों का उल्लंघन करते हुए फर्जी उपस्थिति दर्ज की। इस मामले में तीन नियमित कर्मचारियों को चार्जशीट भी किया गया है, जिन पर गलत तरीके से उपस्थिति प्रमाणित करने का आरोप है।



### यूं उजागर हुआ मामला

यह पूरा मामला उस समय उजागर हुआ जब आउटसोर्सिंग फर्म के तीन पूर्व कर्मचारियों ने लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि संस्थान के कुछ अधिकारियों ने अपने परिजनों और करीबी रिश्तेदारों को अनुचित तरीके से नियुक्त कराया और उन्हें बिना काम के वेतन दिलवाया। इसके साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपस्थिति का सत्यापन अधिकृत अधिकारियों की बजाय अनधिकृत व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा था, जो नियमों के खिलाफ है।

### तीनों को कारण बताओ नोटिस

सूत्रों का कहना है कि शिकायत मिलने के बाद सीएम फ्लाइंग स्क्वॉड ने विस्तृत जांच शुरू की और अपनी रिपोर्ट हरियाणा के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) को भेजी है। इसके बाद चिकित्सा अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग ने यूएचएसआर प्रशासन को इस मामले में जिम्मेदारी तय करने और कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। यूएचएसआर द्वारा सौंपी गई एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) में बताया गया है कि संबंधित तीनों आउटसोर्स कर्मचारियों को पीजीआईएमएस में आगे तैनाती से प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा, उनके बैंक खातों के माध्यम से किए गए सभी लेन-देन की गहन जांच की जा रही है। तीनों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किए गए हैं, जिनमें उनसे इस मामले पर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

---

**अनाज मंडी के पीछे ग्राउंड में वारदात से हड़कंप, क्षत-विक्षत शव मिला**

# क्रूरता की हद पार, युवक का गला रेता, चाकू से पेट चीरा

**ढाबा संचालक की हत्या इतनी बेरहमी से की गई थी कि रोंगटे खड़े हो गए**

**शव के पास शराब की खाली बोतलें और नमकीन के पैकेट भी बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में बुधवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब अनाज मंडी के पीछे ग्राउंड में एक युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। हत्या इतनी बेरहमी से की गई थी कि देखने वालों के रोंगटे खड़े हो गए। युवक का गला तेजधार हथियार से काटा गया था, वहीं चाकू से उसका पेट चीरकर आंतड़ियां तक बाहर निकाल दी गई थीं। शव के पास शराब की खाली बोतल और नमकीन के पैकेट पड़े मिले, जिससे अंदेशा जताया जा रहा है कि हत्या से पहले युवक ने मौके पर शराब पी थी। घटना की सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके को घेर लिया। फोरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान आर्य नगर निवासी मोहित (25) के रूप में हुई है, जो इलाके में ढाबा चलाता था।





रोहतक। मृतक मोहित का फाइल फोटो एवं मौके पर जांच करतीं एफएसएल टीम डॉ. सरोज दहिया।

### शव देखकर सहमे लोग

सुबह जैसे ही लोगों की नजर शव पर पड़ी, इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने बताया कि इतनी बेरहमी से हत्या उन्होंने पहले कभी नहीं देखी। शरीर पर कई गहरे घाव थे और खून दूर तक फैला हुआ था। मौके का मंजर देखकर साफ लग रहा था कि हमलावरों ने मोहित को किसी गहरी रंजिश के चलते मौत के घाट उतारा है।

### ढाबा चलाकर करता था गुजर-बसर

मोहित अपने छोटे भाई सचिन के साथ आर्य नगर में 'खत्री ढाबा' चलाता था। दोनों भाई अविवाहित हैं और माता-पिता का साया भी सिर से उठ चुका है। परिवार की जिम्मेदारी दोनों भाइयों पर ही थी। किराए के कमरे में रहकर वे मेहनत से अपना गुजारा कर रहे थे। मोहित का इस तरह बेरहमी से मारा जाना परिवार के लिए बड़ा सदमा है।

### शराब का था आदी आखिरी बार नशे में दिखा

मृतक के चचेरे भाई गौरव ने बताया कि मोहित को शराब पीने की आदत थी। मंगलवार रात वह किला रोड पर अपनी दुकान पर बैठा था, तभी गीता मार्केट की तरफ से मोहित आता हुआ दिखाई दिया। उसने काफी शराब पी रखी थी और नशे में था। इसी वजह से गौरव ने उससे बात नहीं की। इसके बाद मोहित वहां से चला गया। जानकारी के मुताबिक, उस दिन मोहित ढाबे पर भी नहीं गया था। आशंका है कि वह अनाज मंडी के पीछे ग्राउंड में जाकर बैठा और वहीं शराब पी। इसी दौरान किसी ने उसे निशाना बनाया और बेरहमी से हत्या कर दी।

### पुरानी रंजिश भी आ रही सामने

मोहित के छोटे भाई सचिन ने पुलिस को बताया कि कुछ महीने पहले उसका अपने जानकार युवकों हर्षित और बिट्टू के साथ झगड़ा हुआ था। उस समय मारपीट भी हुई थी, जिसके बाद से दोनों पक्षों में रंजिश चल रही थी। सचिन ने शक जताया है कि इस पुरानी दुश्मनी के चलते ही उसके भाई की हत्या की गई हो सकती है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है और किसी भी एंगल को नजरअंदाज नहीं किया जा रहा।

### हत्या की क्रूरता ने बढ़ाए सवाल

जिस तरीके से मोहित की हत्या की गई, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। गला काटना और पेट चीरना इस बात की ओर इशारा करता है कि हमलावर बेहद गुस्से में थे या फिर उन्होंने डर फैलाने के इरादे से इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं हत्या किसी गैंग या आपराधिक नेटवर्क से जुड़ी तो नहीं है।

### चार टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। घटनास्थल से शराब की बोतल और नमकीन के पैकेट बरामद हुए हैं। परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस, सीआईए और स्पेशल टास्क फोर्स की कुल चार टीमें बनाई गई हैं, जो आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि हमलावरों तक जल्द पहुंचा जा सके।

-**राकेश सैनी**, एसएचओ शिवाजी कॉलोनी थाना

---

**छात्रा से छेड़खानी के आरोप, झगड़े ने लिया हिंसक रूप**

# बीएमयू के बाहर विवाद के बाद हवाई फायरिंग, छात्रों में मची भगदड़

**आरोपियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी (बीएमयू) के बाहर बुधवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब कुछ युवकों के बीच हुए विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और एक पक्ष की ओर से हवाई फायरिंग कर दी गई। घटना के बाद परिसर के आसपास मौजूद छात्रों में दहशत फैल गई और काफी देर तक भगदड़ जैसी स्थिति बनी रही। सूचना मिलते ही आईएमटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। यूनिवर्सिटी के बाहर गांव कबूलपुर निवासी एक महिला छात्रा के साथ मोंटी नाम का युवक कथित तौर पर छेड़खानी कर रहा था। छात्रा द्वारा विरोध किए जाने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। मामला बढ़ता देख छात्रा ने अपने भाई कृष्ण डागर को मौके पर बुला लिया। इसके बाद कृष्ण डागर और मोंटी के बीच तीखी बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही झगड़े में बदल गई।

### 5 से 6 राउंड किए हवाई फायर

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विवाद के दौरान माहौल इतना तनावपूर्ण हो गया कि मोंटी की ओर से अचानक पिस्तौल निकालकर 5 से 6 राउंड हवाई फायर कर दिए गए। गोलियों की आवाज सुनते ही आसपास मौजूद छात्र-छात्राओं में हड़कंप मच गया।

### जांच के लिए कमेटी गठित

घटना के तुरंत बाद यूनिवर्सिटी प्रशासन भी हरकत में आया। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आंतरिक जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर दिया है। साथ ही, छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए परिसर के बाहर और अंदर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि इस तरह की घटनाएं शैक्षणिक माहौल को प्रभावित करती हैं, इसलिए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अहम सुराग मिले

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि पूरे घटनाक्रम की सटीक जानकारी मिल सके। अहम सुराग जुटाने का दावा किया है और संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

### पूछताछ की जा रही

यूनिवर्सिटी के बाहर फायरिंग की सूचना मिली थी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और फायरिंग मामले में स्टूडेंट्स से पूछताछ शुरू की। फायरिंग करने वाले आरोपी को जल्द पकड़कर पूछताछ की जाएगी।

*-अश्वनी कुमार एसएचओ आईएमटी थाना*






---

**रोहतक के अफसरों से उठा भरोसा, यमुनानगर की टीम ने की जांच**

# शहर की 92 प्रॉपर्टी आईडी में बड़ा घपला मंत्री गोयल ने भेजी जांच के लिए टीम

*नगर निगम रिकॉर्ड खंगालाकर कई अहम दस्तावेज लेकर मुख्यालय रवाना हुई टीम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम में 92 प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े कथित घपले का मामला सामने आने के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय टीम का गठन किया गया, जिसमें मंत्री विपुल गोयल के पीए के साथ-साथ यमुनानगर से नगर निगम कमिश्नर महावीर प्रसाद और डीटीपी (डिस्ट्रिक्ट टाउन प्लानर) शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की। हालांकि खबर लिखे जाने तक कमिश्नर महावीर प्रसाद से संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।



### अधिकारियों में हड़कंप

जांच टीम ने नगर निगम कार्यालय में पहुंचकर संबंधित प्रॉपर्टी आईडी से जुड़े रिकॉर्ड और डेटा को विस्तार से खंगाला। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी अपने साथ ले जाए गए हैं, ताकि मुख्यालय स्तर पर विस्तृत जांच की जा सके। बताया जा रहा है कि इन 92 प्रॉपर्टी आईडी में गड़बड़ी और अनियमितताओं की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। टीम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से भी जानकारी ली और रिकॉर्ड की पड़ताल की। हालांकि, जांच के बाद किसी भी अधिकारी ने खुलकर कुछ भी कहने से परहेज किया। डर के मारे सभी अधिकारी फिलहाल चुप्पी साधे हुए हैं।

### प्रॉपर्टी आईडी में छेड़छाड़ की आशंका

इस घपले में प्रॉपर्टी टैक्स, आईडी निर्माण और रिकॉर्ड में हेरफेर जैसी अनियमितताओं की आशंका जताई जा रही है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो कई अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई हो सकती है। जांच पूरी करने के बाद टीम वापस लौट चुकी है और अब अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंपेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम के बाद नगर निगम के अंदरूनी माहौल में बेचैनी देखी जा रही है और अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

### बार-बार आवेदन करने के बावजूद स्थाई समाधान नहीं

शहर की आधी आबादी प्रोप्रटी आईडी से संबंधित त्रुटी से परेशान इन 92 आईडी से अलग शहर की आधी से ज्यादा आबादी इससे परेशान है। क्योंकि उन्हें अपना रिकार्ड ठीक करवाने में निगम के बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे है। यहीं नही निगम इसके लिए शिविर तक लगवा चुका है, उसके बाद भी इसका स्थाई समाधान नहीं हो सका है। ऐसे में जनता आज भी परेशान ही घूम रही है। उनका समाधान नहीं हो पाया है

## मॉडल स्कूल में महिलाओं पर टीकाकरण अभियान शुरू

रोहतक। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त सचिन गुप्ता की पहल पर मॉडल स्कूल की छात्राओं के लिए सर्विकल कैंसर से बचने के लिए एक टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। सिविल सर्जन डॉ. रमेश ने बताया कि भारत में ब्रेस्ट कैंसर के बाद महिलाओं में दूसरा सबसे ज्यादा पाया जाने वाला सर्विकल कैंसर ही है। डॉ. रमेश ने बताया कि पूरे भारत में इस रोग के प्रसार को देखते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा इस रोग के निराकरण के लिए एक टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत 14-15 वर्ष की उम्र की छात्राओं को एक ही डोज़ दी जाती है, जिससे इस बीमारी से 90 प्रतिशत से भी अधिक सुरक्षा संभव है। इस अभियान की शुरुआत आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल से की गई है। प्रधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने कहा कि इस भयानक बीमारी से छात्राओं को बचाने में इस अभियान का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।

# बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रैंकिंग में 19वें स्थान पर पहुंची रोहतक की लाडली उन्नति हुड्डा

■ वर्ल्ड रैंकिंग में शीर्ष 50 में पहुंची हरियाणा की तीन महिला खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



हरियाणा के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने एक बार फिर देश भर में अपनी धाक जमाई है। बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग के शीर्ष 50 स्थानों में हरियाणा की तीन महिला बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई है। हरियाणा बैडमिंटन एसोसिएशन (एचबीए) के महासचिव अजय सिंघानिया ने बताया कि हरियाणा की महिला बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा ने बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 19वें स्थान पर जगह बनाई है। इससे पहले पी.वी. सिंधु इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में 12वें स्थान पर रही है। सिंघानिया ने बताया कि बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में हरियाणा की ही देविका सिहाग ने 40वें स्थान पर और अनमोल खरब ने 47वें स्थान पर अपनी जगह बनाई है। एचबीए के प्रधान देवेंद्र सिंह (सेवानिवृत आईएएस) तथा महासचिव अजय सिंघानिया ने इस बेमिसाल कामयाबी पर सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतिष्ठित रैंकिंग में हरियाणा की तीन खिलाड़ियों का नाम आना गौरवपूर्ण क्षण है। बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड रैंकिंग बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा स्वीकृत टूर्नामेंट में भाग लेने वाले बैडमिंटन खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की आधिकारिक रैंकिंग है। इसका उपयोग विश्व चैंपियनशिप और ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों के साथ-साथ बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट के लिए योग्यता निर्धारित करने के लिए किया जाता है।

# एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेगा गांव खिड़वाली का छोरा विक्की पहलवान

■ हार-जीत खेल का हिस्सा, कई बार ज्यादा मेहनत के बाद भी परिणाम पक्ष में नहीं होते : विक्की

रोहित डागर ▶▶ रोहतक


दांव पेंच लगाता विक्की।

हरियाणा की मिट्टी ने हमेशा से ही देश को दिग्गज पहलवान दिए हैं। इसी कड़ी में रोहतक के छोटे से गाँव खिड़वाली के एक उभरते सितारे विक्की ने अपनी मेहनत और जज्बे से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान पुख्ता कर ली है। विक्की 23 से 31 मई तक वियतनाम में होने वाली एशियन कुश्ती प्रतियोगिता में देश का नाम रोशन करेगा। कुश्ती विक्की के खून में है। मात्र 9-10 साल की उम्र से ही खेल की शुरुआत कर दी थी। उन्हें इस खेल की प्रेरणा अपने परिवार से ही मिली है उनके पिता जोगिंदर और चाचा अमीर सिंह दोनों ही पहलवान रहे हैं। पहलवान ने कहा हार-जीत खेल का हिस्सा है, कई बार ज्यादा मेहनत के बाद भी परिणाम पक्ष में नहीं होते, लेकिन हार मानकर बैठना विकल्प नहीं है। खिड़वाली का यह युवा अब देश के लिए गोल्ड मेडल लाने के सपने के साथ अखाड़े में जी-जान से जुटा है। आगामी एशियन गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए पहलवान दिन-रात पसीना बहा रहे हैं। उनकी दिनचर्या में सुबह और शाम मिलाकर लगभग 6 से 7 घंटे की कड़ी प्रैक्टिस शामिल है। उन्होंने बताया कि वह पूरी तरह देसी और पौष्टिक आहार पर निर्भर हैं।

### विक्की की उपलब्धियां

सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीते हैं। वर्ष 2024 में सीनियर एशिया में ब्रोंज मेडल जीतने के बाद, उन्होंने 2025 में अंडर-23 एशिया में गोल्ड मेडल जीतकर तिरंगा लहराया। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप और वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भी उन्होंने ब्रोंज मेडल अपने नाम किए हैं। दो बार सीनियर वर्ल्ड प्रतियोगिता में भाग लिया है। 2023 में एशियन गेम्स में भाग लिया। 2025 में वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में कांस्य पदक जीता।

# बोहर गांव में गहराया जल संकट तीन दिन से पानी नहीं, लोग परेशान

## पैनल खराब होने से दो दिन और सप्लाई ठप, समय पर नहीं मिल रहे टैंकर

■ पानी की आपूर्ति अचानक बंद होने से जीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरिभूमि सरोकार



बोहर गांव में इन दिनों भीषण जल संकट ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले तीन दिनों से गांव में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है और अब जानकारी मिल रही है कि पैनल खराब होने के कारण आगामी दो दिनों तक और पानी नहीं मिल पाएगा। ऐसे में गर्मी के इस मौसम में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के लोगों का कहना है कि पानी की आपूर्ति अचानक बंद होने से दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। घरों में पीने के पानी से लेकर घरेलू कार्यों के लिए भी पानी की किल्लत हो गई है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं को उठानी पड़ रही है, जिन्हें दूर-दराज से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में यह काम और भी मुश्किल हो गया है, जिससे उनकी सेहत पर भी असर पड़ने लगा है। स्थिति को संभालने के लिए प्रशासन द्वारा टैंकरों से पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, लेकिन गांव की बड़ी आबादी के चलते यह व्यवस्था भी नाकाफी साबित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि टैंकर समय पर नहीं पहुंचते, जिससे कई परिवारों को पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। कई बार तो टैंकर आने से पहले ही पानी खत्म हो जाता है और लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ता है।

### सप्लाई से जुड़ा पैनल खराब

ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या के पीछे मुख्य कारण पानी सप्लाई से जुड़ा पैनल खराब होना है, जिसे अब तक ठीक नहीं किया जा सका है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा, जिसके चलते समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। गांव के बुजुर्गों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से अपील की है कि पैनल को जल्द से जल्द ठीक करवाया जाए ताकि नियमित जल आपूर्ति बहाल हो सके। उनका कहना है कि यदि समय रहते समाधान नहीं किया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

### जब तक पैनल ठीक नहीं टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाए

ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि जब तक पैनल ठीक नहीं होता, तब तक टैंकरों की संख्या बढ़ाई जाए और उनकी समय पर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। गर्मी के इस मौसम में पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता का अभाव लोगों के लिए बड़ी समस्या बन गया है।



## मदवि कुलपति ने किया फिजिक्स विभाग में औचक निरीक्षण

रोहतक। महर्षि दयानंद विवि के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने बुधवार को फिजिक्स विभाग का औचक निरीक्षण कर विभाग की शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभाग की कार्यप्रणाली, शिक्षण व्यवस्था और शोध के स्तर का गहन अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों, शोधार्थियों और प्राध्यापकों से सीधे संवाद स्थापित किया। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विभाग की विभिन्न प्रयोगशालाओं का दौरा किया और उपलब्ध उपकरणों, शोध सुविधाओं तथा प्रयोगात्मक कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने शोधार्थियों को उच्च गुणवत्ता का शोध कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और मौलिक शोध की अत्यंत आवश्यकता है, जिससे समाज और उद्योग दोनों को लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी शोध वातावरण तैयार करना है। कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उनकी शैक्षणिक जरूरतों और चुनौतियों के बारे में भी जानकारी ली।

## न्यूज डायरी



### आर्यन स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता में विंध्या सदन प्रथम

रोहतक। लाखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साह और प्रतिस्पर्धा के माहौल में किया गया। खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित खो-खो मुकाबलों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता में विंध्या सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अरावली सदन द्वितीय और नीलगिरी सदन तृतीय स्थान पर रहा। इसी क्रम में कक्षा तीसरी से पाँचवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित गणित क्विज प्रतियोगिता में हिमालय सदन ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अरावली सदन द्वितीय स्थान पर रहा।


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते बैंक के अध्यक्ष सुमन्त कुमार।

### हरियाणा ग्रामीण बैंक का शुद्ध लाभ 382 करोड़ के पार

रोहतक। हरियाणा ग्रामीण बैंक ने मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के ऑडिटेड परिणाम जारी कर दिए हैं। बैंक के अध्यक्ष सुमन्त कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बैंक ने इस वर्ष ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। कुल व्यवसाय 8.92% की वृद्धि के साथ 46,106 करोड़ रुपये पहुंचा। शुद्ध लाभ बढ़कर 382.09 करोड़ रुपये हो गया है। बैंक का शुद्ध एनपीए शून्य पर बना रहा, जो ऋण गुणवत्ता का उत्कृष्ट प्रमाण है। रिटेल सेक्टर में 20% और कार लोन पोर्टफोलियो में 49% की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। वर्तमान में बैंक 696 शाखाओं के जरिए सेवाएं दे रहा है और आगामी वर्ष में 20 नई शाखाएं खोलने तथा 490 नए बैंक मित्र नियुक्त करने की योजना है। अध्यक्ष ने बताया कि बैंक का अगला लक्ष्य 53,000 करोड़ रुपये का व्यवसाय और पूर्ण डिजिटलीकरण है। इस अवसर पर महाप्रबंधक ओमप्रकाश, मिथिलेश कुमार झा और राकेश कुमार भी मौजूद रहे।



## निंदाना में हुआ केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जीवन पर आधारित सांग

रोहतक। गांव निंदाना में केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल के जीवन पर आधारित सांग का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक ग्रामीण सांग की प्रस्तुतियों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा कला परिषद के निदेशक व ओएसडी गजेंद्र फौगाट सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वयं गजेंद्र फौगाट लोक कलाकारों संग डेरू बजा कर गाते नजर आए। उन्होंने कहा कि मनोहरलाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए लोक कलाकारों के हित में अनेकों योजनायें बनाई। इसके अलावा गीता जयंती को तीन दिन से बढ़ाकर एक महीने के लगभग तक कर दिया ताकि इसमे आने वाले हजारों कलाकारों को ज्यादा आय हो सके । इस अवसर पर अमरदास महाराज ने मनोहरलाल के जन्मस्थान की मिट्टी को कलश में प्रवेश कराया।

## समयबद्ध और पारदर्शी कार्य निष्पादन हमारी नैतिक जिम्मेदारी: प्रो. संदीप

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि प्रभावी, समयबद्ध और पारदर्शी कार्य निष्पादन केवल प्रशासनिक जरूरत नहीं, बल्कि हर कर्मचारी की नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन और सभी स्टेकहोल्डर्स के प्रति जवाबदेही निभाते हुए कर्मियों से निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। एमडीयू के प्रशासनिक स्टाफ कॉलेज द्वारा प्रशासनिक कार्यालयों में समय प्रबंधन एवं कार्य कुशलता विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित करते हुए कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर कार्य निपटाना, समय का प्रभावी उपयोग और दक्षता के साथ जिम्मेदारियां निभाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शांत और संतुलित मन से किया गया कार्य बेहतर परिणाम देता है।






## जिला जेल अदालत में रखे 8 मामले मौके पर चार का निपटारा : सीजेएम

रोहतक। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया के मार्गदर्शन में प्राधिकरण द्वारा स्थानीय जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल की अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में 8 मामले रखे गए, जिनमें से 4 मामलों का मौके पर निपटारा कर दिया गया। सीजेएम ने जिला जेल का निरीक्षण करते हुए प्रत्येक बैरक का बारिकी से अवलोकन किया। उन्होंने जिला जेल में बंद कैदी व बंदियों से बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिए कि जेल में पीने का स्वच्छ पानी व साफ-सफाई की व्यवस्था करवाये। उन्होंने कहा कि जिला जेल में ऐसा कोई भी कैदी या बंदी न हो, जिसके पास पैरवी के लिए वकील न हों। उन्होंने कहा कि किसी भी कैदी या बंदी की अपील को लंबित न रखा जाए।

## लंबित मामलों को लोक अदालत में सहमति से निपटाया जाए : तेवतिया

रोहतक। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया की अध्यक्षता में स्थानीय न्यायालय परिसर में पैनल अधिवक्ताओं, राजस्व विभाग के अधिकारियों तथा न्यायालय में कार्यरत न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सभी संबंधित विभागों एवं नागरिकों का आह्वान किया कि वे इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने लंबित मामलों का शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण समाधान करवायें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय तेवतिया ने कार्यशाला में उपस्थितगण को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित मामलों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर उनका सहमति से निपटारा सुनिश्चित किया जाए, ताकि न्याय प्रक्रिया को सरल व सुलभ बनाकर लोगों को शीघ्र न्याय दिया जा सके।





### मल्लखंभ में गुरुकुल विश्वभारती के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

रोहतक। गुरुकुल विश्वभारती के विद्यार्थियों ने पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में 1 से 3 मई तक आयोजित 5वें भारतीय पारंपरिक खेल एवं आयोजन महोत्सव में मल्लखंभ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन कांस्य पदक अपने नाम किए। इस उपलब्धि से संस्थान में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता के व्यक्तिगत वर्ग में छात्र नमन यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक कांस्य पदक हासिल किया। वहीं टीम इवेंट और पिरामिड स्पर्धा में भी गुरुकुल की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों के इस प्रदर्शन ने न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस सफलता पर गुरुकुल के निदेशक आचार्य नंदकिशोर और प्राचार्य संजय कौशिक ने खिलाड़ियों को बधाई दी। कहा कि यह उपलब्धि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। साथ ही अन्य छात्रों को भी खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**बैठक** डीसी ने स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक समीक्षा की

# अधिकारी मॉनिटरिंग और परिणाम आधारित स्वास्थ्य सेवाएं करें सुनिश्चित : उपायुक्त

शिशु मृत्यु, उच्च जोखिम गर्भावस्था, मानसिक स्वास्थ्य व टीकाकरण की तैयारी पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


रोहतक। स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय व्यापक समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने स्वास्थ्य विभाग की जिला स्तरीय व्यापक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सूचकांक, टीकाकरण कवरेज, उच्च जोखिम गर्भावस्था, गैर-संचारी रोग (एनसीडी), क्षय रोग नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, वेक्टर जनित रोगों की तैयारी, विशेषज्ञ उपलब्धता तथा स्वास्थ्य अवसंरचना परियोजनाओं का विस्तृत आकलन किया। सचिन गुप्ता ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान साक्ष्य आधारित योजना, निवारक हस्तक्षेप, डिजिटल मॉनिटरिंग तथा फील्ड स्तर पर जवाबदेही को मजबूत कर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं केवल प्रशासनिक प्रक्रिया न रहकर परिणाम आधारित होनी चाहिए।

### टीकाकरण व एचपीवी अभियान

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला में टीकाकरण का 96.7 प्रतिशत, एमआरडब्ल्यू का 94.1 प्रतिशत तथा टेटनेस एवं डिफथिरिया टॉक्साइड्ांस टीकाकरण का 76.3 प्रतिशत व ड्रॉपआउट का 4.1 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर हासिल कर लिया गया है। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण कम होने पर स्कूल स्तर पर अभियान तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने टीबी उन्मूलन अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिश-निर्देश दिये। जिला में गत अप्रैल 2026 में 557 टीबी केस तथा 59 बच्चे प्रभावित थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करें, निक्षय पोषण योजना का समय पर लाभ दें।

## सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव के दृष्टिगत ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारी नियुक्त

■ जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने जारी किए आदेश

रोहतक। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करवाने तथा आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करवाने के दृष्टिंागत ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं सेक्टर अधिकारी नियुक्त करने के आदेश जारी किये है। किसी भी प्रकार की अनाधिकृत अनुपस्थिति जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 चुनाव से संबंधित आधिकारित कर्तव्य का उल्लंघन के अंतर्गत दंडनीय होगी, जो कि एक दंडनीय अपराध है। सचिन गुप्ता द्वारा जारी आदेश के तहत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कार्यकारी अभियंता देवेंद्र कौशिक को सांपला नगर पालिका के वार्ड संख्या एक से 8 एवं 16 में स्थित मतदान केंद्रों के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता हितोष कौशिक को वार्ड संख्या 9 से 15 में स्थित मतदान केंद्रों के लिए डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। वार्ड संख्या 1, 2, 4 व 16 में स्थित मतदान केंद्रों के लिए पंडित नेकीराम शर्मा महाविद्यालय रोहतक के प्रो. डॉ. संजय दांगी, वार्ड संख्या 3, 5, 6, 7 व 8 में स्थित मतदान केंद्रों के लिए इसी महाविद्यालय के प्रो. डॉ. अनिल ढाका को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह वार्ड संख्या 9 से 12 में स्थापित किये गए मतदान केंद्रों के लिए सांपला स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय के प्रो. डॉ. मांगेराम तथा वार्ड संख्या 13 से 15 में स्थापित किये गए मतदान केंद्रों के लिए राजकीय महिला स्नातकोतर महाविद्यालय के प्रो. डॉ. सुभाष बल्हारा को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।


सांपला। इलेक्ट्रोनिक वॉटिंग मशीन का डेमो प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर एपीसी राजेश कुमार। फोटो : हरिभूमि

## नपा चुनाव में तैनात स्टाफ को दिया ईवीएम का प्रशिक्षण : अंकिता पुवार

रोहतक। सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव की रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधीश अंकिता पुवार की अध्यक्षता में स्थानीय जिला विकास भवन के सभागार में मतदान स्टाफ को ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया। रिटर्निंग अधिकारी अंकिता पुवार ने कहा कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 10 मई को सुबह 8 से सायं 6 बजे तक सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव के लिए मतदान होगा। उन्होंने कहा कि 10 मई को मतदान शुरू होने से पूर्व सुबह 7 बजे मॉकपोल करवाया जायेगा। मॉकपोल में 50-50 वोट डाले जायेंगे। उन्होंने कहा कि मॉकपोल के मतों को क्लियर करने के बाद सुबह 8 बजे मतदान शुरू होगा, जो सायं 6 बजे संपन्न होगा। मतदान स्टाफ को इलेक्ट्रोनिक वॉटिंग मशीन की कार्य प्रणाली का डेमो सहित विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर में रिटर्निंग अधिकारी अंकिता पुवार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुकुंद तंवर व चुनाव तहसीलदार सरला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहें। ईवीएम के मास्टर ट्रेनर एपीसी राजेश कुमार ने मतदान स्टाफ को ईवीएम की कार्य प्रणाली का डेमो के साथ विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

## नागरिक प्रगणकों को पूर्ण सहयोग करते हुए दें स्टीक जानकारी : डॉ. ललित जैन


रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते गृह मंत्रालय के जनगणना निदेशालय हरियाणा के निदेशक डॉ. ललित जैन।

रोहतक। गृह मंत्रालय के जनगणना निदेशालय हरियाणा के निदेशक डॉ. ललित जैन ने जिला वासियों का आह्वान किया कि वे जनगणना 2027 के अंतर्गत घर आने वाले प्रगणकों को पूरा सहयोग दें तथा अपने बारे में सही व स्टीक जानकारी प्रदान करें। नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारी को पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा और किसी भी व्यक्ति या संस्था के साथ साझा नहीं किया जाएगा तथा न ही किसी नागरिक के विरुद्ध इस जानकारी प्रयोग किया जायेगा। गत एक से 30 अप्रैल तक प्रदेश में 3 लाख नागरिकों ने स्व-गणना की है। डॉ. ललित जैन स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में उपायुक्त सचिन गुप्ता व अन्य अधिकारियों के साथ प्रेस प्रतिनिधियों से जनगणना 2027 के बारे में संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार जनगणना के कार्य को पहली बार डिजिटल रूप से किया जा रहा है तथा प्रथम चरण में 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जा रहा है। जनगणना का कार्य शुरू हो गया है तथा इस कार्य में 33 सवाल नागरिकों से पूछे जा रहे है। इसके तहत नागरिकों के रहन-सहन बारे जानकारी ली जायेगी। इनके मकानों के बारे में जानकारी के अलावा पीने के पानी की उपलब्धता, शौचालय, इंटरनेट, वाहन इत्यादि जानकारी ली जा रही है।

## रिश्तों में कड़वाहट: लाखन माजरा में पारिवारिक रंजिश ने लिया हिंसक रूप

# लोहे की रॉड मारकर चचेरे भाई ने ही तोड़ डाली टांग, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लाखन माजरा गांव में पारिवारिक रंजिश ने हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी से शुरू हुआ विवाद अब जानलेवा हमले तक पहुंच गया। यहां एक युवक ने अपने ही चचेरे भाई को घर के बाहर बुलाकर पहले गालियां दीं और फिर सरिया (लोहे की रॉड) से हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डेढ़ महीने पुरानी कहासुनी बनी हमले की वजह

पीड़ित सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब डेढ़ महीने पहले उसकी अपने चाचा के बेटे कुलदीप के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। उस समय मामला शांत हो गया था, लेकिन कुलदीप इस बात को दिल में बैठाए बैठा था और मौका मिलने का इंतजार कर रहा था।

### दोपहर साढ़े 11 बजे हुई वारदात

घटना वाले दिन दोपहर करीब 11:30 बजे कुलदीप सुरेश के घर के बाहर पहुंचा और उसे आवाज लगाकर बाहर बुलाया। जैसे ही सुरेश घर से बाहर आया, कुलदीप ने उसे भला-बुरा कहना शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख सुरेश वहां से हटने लगा, लेकिन आरोपी पहले से हमले की नीयत से आया हुआ था।

### घर की ओर भागने लगा तो रोका रास्ता

सुरेश के मुताबिक, कुलदीप के हाथ में सरिया था। जब वह वापस घर की ओर भागने लगा तो कुलदीप ने रास्ता रोक लिया और उस पर सरिया से हमला कर दिया। वार सीधे उसकी टांग पर लगा, जिससे वह संतुलन खो बैठा और गली में गिर पड़ा। चोट लगने से वह दर्द से कराहता रहा।

### जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार

सुरेश के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। लोगों को आता देख कुलदीप मौके से फरार हो गया। जाते-जाते वह सुरेश को जान से मारने की धमकी भी दे गया, जिससे पीड़ित और उसके परिवार में डर का माहौल है।

### गांव के लोग भी हैरान

गांव में हुई इस घटना के बाद लोग हैरान हैं कि पारिवारिक रिश्तों में इतनी कड़वाहट कैसे आ गई कि मामला हिंसा तक पहुंच गया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते दोनों पक्षों के बीच समझौता हो जाता, तो इस तरह की घटना से बचा जा सकता था।

### आरोपी की तलाश में पुलिस

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी कुलदीप के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भैणी महाराजपुर में दो युवकों पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** गांव भैणी महाराजपुर में दो युवकों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की गहनता से जांच जारी है और अन्य आरोपियों की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस प्रवक्ता मनीष के अनुसार, इस संबंध में 15 अप्रैल को भैणी महाराजपुर निवासी अंकित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि अंकित ने महम क्षेत्र में सामण चुंगी के पास गाड़ी सेल-परचेज का ऑफिस कर रखा है। 2 फरवरी को हिसार जिले के सिंघवा निवासी सागर ने अपनी कार अंकित के पास गिरवी रखी थी। इस दौरान एक शपथ पत्र भी दिया गया था, जिसमें तय हुआ था कि निर्धारित समय में पैसे वापस न देने पर अंकित को वाहन रखने या बेचने का अधिकार होगा। समय सीमा पूरी होने के बाद जब अंकित ने सागर से पैसे मांगे तो वह टालमटोल करता रहा। इसी बीच 15 अप्रैल की शाम सागर ने फोन कर मिलने की बात कही।

### रात 9 बजे वारदात

रात करीब 9 बजे सागर अपने साथियों के साथ दो गाड़ियों में सवार होकर अंकित के ऑफिस पहुंचा। आरोप है कि आते ही सभी ने ऑफिस के अंदर घुसकर अंकित और उसके साथी पंकज पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला कर दिया। हमला इतना गंभीर था कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और विभिन्न एंगल पर काम किया। जांच के दौरान कई संदिग्धों की पहचान की गई और लगातार दबिश दी गई।

### कई संदिग्धों की पहचान

मामले की जांच कर रहे स.उप.नि. राजबीर की टीम ने 5 मई को कार्रवाई करते हुए आरोपी दीपांशु पुत्र कृष्ण निवासी भैणी चन्द्रपाल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य आरोपियों की भूमिका और वारदात की साजिश से जुड़े पहलुओं का खुलासा होने की संभावना है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, नामजद आरोपियों सागर, दवेंद्र उर्फ दुधिया, पवन, प्रवीन उर्फ लाडा, अमित उर्फ मितु, गोलू व अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। आरोपियों को जल्द काबू करने का दावा किया जा रहा है।

## खैरड़ी में महिला ने की आत्महत्या की कोशिश

**रोहतक।** गांव खैरड़ी में एक महिला द्वारा आत्महत्या का प्रयास किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। परिजनों द्वारा महिला को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला ने अज्ञात कारणों के चलते यह कदम उठाया।

घटना का पता उस समय चला जब परिजनों ने उसे गंभीर हालत में देखा। उन्होंने बिना देरी किए उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने समय रहते उपचार शुरू कर उसकी जान बचा ली। फिलहाल महिला का इलाज जारी है और चिकित्सकों की निगरानी में है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर रही है ताकि आत्महत्या के प्रयास के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके। यदि किसी प्रकार की साजिश या दबाव की बात सामने आती है तो उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान और कोषाध्यक्ष की सदस्यता बहाल

**रोहतक।** स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज हरियाणा ने वैश्य एजुकेशन सोसायटी के प्रधान विकास गोयल और कोषाध्यक्ष पवन मित्तल की आजीवन सदस्यता को बहाल कर दिया है। अपने फैसले में स्टेट रजिस्ट्रार ने स्पष्ट किया कि एचआरआर एक्ट 2012 की धारा 73 केवल उन्हीं मामलों में लागू होती है जहां वैधानिक रिकॉर्ड में जानबूझकर झूठी प्रविष्टियां या तथ्यों को छिपाना साबित हो। वर्तमान मामले में ऐसा कोई साक्ष्य या निष्कर्ष नहीं पाया गया। इसी आधार पर स्टेट रजिस्ट्रार ने जिला रजिस्ट्रार द्वारा 27 अप्रैल 2026 को जारी किए गए पिछले आदेश को निरस्त कर दिया।

### 980 ग्राम अफीम सहित तीन युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** जिले में नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान एक कार में सवार तीन युवकों को काबू कर उनके कब्जे से 980 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष ने बताया कि स.उप.नि. गुणपाल के नेतृत्व में एसडीयू टीम गोहाना चौक लाखनमाजरा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गुप्त सूचना मिली कि राजस्थान निवासी तीन युवक बिना नंबर प्लेट की कार में नशीला पदार्थ लेकर घूम रहे हैं और उसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस ने जींद-रोहतक रोड स्थित महादेव सर्विस स्टेशन के पास नाकाबंदी कर संदिग्ध कार को घेर लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान भिखाराम पुत्र हनुमान निवासी अखासर, श्रवण पुत्र देहराजराम निवासी पांचलसीदा और सुरेश पुत्र मांगीलाल निवासी कुचोर, बीकानेर (राजस्थान) के रूप में हुई। तीनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## पठानिया पब्लिक स्कूल में कविता वाचन में नन्हे-मुन्नों ने बिखेरा शब्दों का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया पब्लिक स्कूल में कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। नन्हे कलाकारों ने माँ और प्रकृति जैसे संवेदनशील विषयों पर हिंदी व अंग्रेजी में कविताएँ प्रस्तुत कर उपस्थित सभी को भाव-विभोर कर दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा एक से सावी और सृयन तथा कक्षा दो से मनविता व नायषा ने बड़ी खूबसूरती और आत्मविश्वास के साथ किया। बच्चों ने ताल, लय और हाव-भाव के साथ कविताएँ सुनाकर श्रोताओं से खूब तालियाँ बटोरीं। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भाषा कौशल, अभिव्यक्ति क्षमता और आत्मविश्वास का विकास करना था। निर्णायक मंडल की भूमिका विजय सचदेवा और श्रीमती विद्योत्मा निभाई गई। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति, उच्चारण, भाव-भंगिमा और मंच उपस्थिति के आधार पर मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रकृति की सुंदरता, माँ के स्नेह और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों को अपनी कविताओं में पिरोया। विद्यालय निदेशक अंशुल पठानिया ने कहा किकविता वाचन से बच्चों में भाषा के साथ-साथ संवेदनशीलता और रचनात्मक सोच भी विकसित होती है। इस अवसर पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर, हेड मिस्ट्रेस सुमन राठी व कोर्डिनेटर तरुणा अनेजा ने विजेताओं को सम्मानित किया।



## सांपला नगर पालिका चुनाव में भाजपा ने झोंकी ताकत

**सांपला।** सांपला नगर पालिका चुनाव को लेकर भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी। बुधवार को आयोजित कार्यक्रमों के तहत प्रदेश सरकार के मंत्रियों, पूर्व मंत्रियों तथा वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने अनेक वार्डों में जाकर जनता से भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में समर्थन मांगा तथा पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ के नेतृत्व में वार्ड नंबर 13, 6, 12, 10 तथा 9 में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मंत्री अरविंद शर्मा के कार्यक्रमों के तहत वार्ड नंबर 1, 9, 5, 16, 14 और 15 में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम प्रभारी अभिनंदन भारद्वाज ने बताया कि भाजपा सरकार की विकास नीतियों तथा पारदर्शी कार्यशैली के कारण जनता का विश्वास लगातार मजबूत हुआ है। मंत्री कृष्णलाल पंवार ने भी वार्ड नंबर 8, 9 तथा 11 व मेन बाजार में चाय कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम प्रभारी उदयभान मलिक के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर वोट मांगे। पूर्व मेयर मनमोहन गोयल व पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भी वार्ड नंबर 4 में जनसंपर्क अभियान चलाया। रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मीकि ने भी वार्ड नंबर 10 में डोर-टू-डोर अभियान चलाया। जिला मीडिया प्रभारी पंकज भारद्वाज ने बताया इस अवसर पर अजय बंसल,डॉ अशोक कुमार रंगा जनसंपर्क प्रमुख,डॉ दिनेश घिलौड, रमेश भाटिया, नवीन ढुल, कर्नल राजेंद्र सिंह सुहाग, सरिता नारायण, ज्योत्सना रोहिल्ला, अमित बंसल, अभिनंदन भारद्वाज, कपिल खत्री, राजू सहगल, नागेंद्र शर्मा, मनोज शर्मा, नरेंद्र खट्टर, राज सिंह आंबेडकर, प्रमोद सापला,सूबेदार धर्मवीर सिंह,प्रदीप डागर व सैकड़ों अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जॉन वेस्ले कॉन्वेंट में बच्चों ने दिखाई अपनी कल्पनाशक्ति व भाषाई दक्षता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोहाना रोड स्थित जॉन वेस्ले कॉन्वेंट विद्यालय में बुधवार को कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हिंदी एवं अंग्रेज़ी रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में अभिव्यक्ति कौशल, कल्पनाशक्ति और भाषाई दक्षता को बढ़ावा देना था।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंग्रेज़ी लेखन में पीहू, कुणाल, भूमिका और इनाया सहित कई विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं हिंदी लेखन में केसरवीर, काव्या, हर्षुल और सूर्यांश ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए पहला स्थान हासिल किया। सभी विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ममता मलिक ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि रचनात्मक लेखन व्यक्तित्व विकास का एक सशक्त माध्यम है। इससे न केवल विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति बढ़ती है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास का भी संचार होता है। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या मशेन्का सहित मधुलिका, किरण, शोभा और अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### ये रहे परिणाम

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में केसरवीर, काव्या, हर्षुल, सूर्यांश, यशिका, आयुष, जनक, भुवी, पराक्रम, तन्मय, पनिशू, कर्तव्य, परिणीता, इलीशा, माही, सुमिता, ध्यांशु, आर्यन, प्राची, रिशु, सिया, ईशान, भूमिका एवं इच्छिता शामिल रहे। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में लावण्या, दक्षित, निहारिका, अमीना, खुशी, राशित, रिदम, अनिक, वरुण, काव्या, भाविक, मन्नत, कनिष्क, मानवी, तेजस, दक्ष, जैनिता, गरिमा, अंजलि, अनमोल, उर्वशी, विराज, साक्षी एवं चिराग रहे। तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में रीवा, सिद्धि, जॉयल, रिहान, हर्षिता, मितांशी, गौरवांश, ख्वाहिश, हर्षित, वंश, खुशी, एकाक्ष, आशीश, हार्दिका, दिव्या, सिवाच, मुस्कान सिक्का, अनुज हुड्डा एवं तान्या भारद्वाज शामिल रहे।



### विदेशी दल ने किया खरावड़ कन्या विद्यालय का दौरा

**रोहतक।** निपुण हरियाणा मिशन के सफल क्रियान्वयन का जायजा लेने बुधवार को एक उच्च स्तरीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने राकवम विद्यालय, खरावड़ के प्रांगण का दौरा किया। इस दल में ब्रिटिश काउंसिल दिल्ली से निकुंज शैली साहू, सैम अवकू, अतुबगा और सीएसएफ राज्य इकाई से कुमारी आयुषी शामिल रहीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) सुमन हुड्डा और खंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान ने शिरकत की। विद्यालय की प्राचार्या और कार्यक्रम की नोडल अधिकारी बीना के नेतृत्व में दल ने प्राथमिक कक्षाओं का गहन निरीक्षण किया। सुमन हुड्डा ने बताया कि विदेशी सदस्यों ने कक्षाओं में शिक्षकों द्वारा उपयोग की जाने वाली शिक्षण संदर्शिका और शिक्षण सामग्री के प्रयोग को अत्यंत प्रभावी पाया। दल के सदस्यों ने बच्चों के शैक्षणिक स्तर और शिक्षकों के गतिविधि-आधारित शिक्षण की सराहना की।

## जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल नीले रंग में रंगा





**रोहतक।** जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में नर्सरी से कक्षा-2 तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा "ब्लू कलर डे" बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर नीले रंग की खूबसूरती से सराबोर नजर आया। बच्चे नीले रंग के आकर्षक परिधान पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुणए। इस अवसर पर विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने नीले रंग से जुड़ी वस्तुओं की पहचान, चित्रकारी, क्राफ्ट व मजेदार खेलों के माध्यम से सीखने का आनंद लिया। कक्षाओं को भी नीले रंग की थीम पर सजाया गया, जिससे बच्चों में रचनात्मकता और उत्साह और अधिक बढ़ गया। कार्यक्रम का खास आकर्षण रहा "ब्लू लगून ड्रिंक", जिसे बच्चों ने बड़े चाव से पिया। इस ताजगी भरे पेय ने बच्चों के उत्साह को और भी बढ़ा दिया और आयोजन में एक अलग ही रंग भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन-निदेशक विक्रांत मायना, सान्या मायना एवं सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता, उप-प्रधानाचार्य डॉक्टर अमन अग्रवाल तथा हेडमिस्ट्रेस अनामिका बल्हारा ने बच्चों को संबोधित करते हुए उनके उत्साह और भागीदारी की सराहना की। प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और सीखने को आनंदमय बनाती हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराना और उनके अवलोकन कौशल को विकसित करना था। शिक्षकों ने भी बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नीले रंग के महत्व के बारे में सरल व रोचक तरीके से जानकारी दी।



## जिले के 25 बुजुर्ग नांदेड साहिब के लिए हुए रवाना

**रोहतक।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत मुख्यमंत्री ने कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन को तख्त सचखंड श्री हुजुर साहिब, नांदेड के लिए झंडी दिखाकर रवाना किया। रोहतक के 25 तीर्थ यात्री सोनीपत स्टेशन से इस विशेष ट्रेन में सवार हुए। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव सैनी ने बताया कि सोनीपत स्टेशन से गोहाना के उपमंडलाधीश अंकित कुमार ने इस ट्रेन को रवाना किया। भारत की सभ्यता और संस्कृति अत्यंत समृद्ध एवं गौरवशाली है, जहां हजारों वर्षों पुराने धार्मिक स्थल हमारी आस्था और परंपराओं के प्रतीक हैं। हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह इन पवित्र स्थलों के दर्शन कर सके, और सरकार ने इस योजना के माध्यम से बुजुर्गों को यह अमूल्य अवसर प्रदान किया है। यह पहल न केवल सामाजिक सरोकार का उदाहरण है, बल्कि बुजुर्गों के सम्मान और उनके जीवन में आध्यात्मिक संतुलन स्थापित करने का भी सशक्त माध्यम है। प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर प्रदान करना वास्तव में सेवा और संस्कार की भावना को दर्शाता है।

### स्वस्थ रहने के लिए गहरी नींद जरूरी : डॉ रजनीश



**रोहतक।** जाट कॉलेज रोहतक में नींद का महत्व और भुलक्कड़पन विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ रजनीश कुमार रहे। उन्होंने कहा कि नींद में गड़बड़ी कई बीमारियों का संकेत हो सकती है तथा नींद अनेक कारकों से प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि सोने के समय सोशल मीडिया का उपयोग नींद की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। यदि व्यक्ति 48 घंटे तक नहीं सोता, तो शरीर पर कई नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर की रिकवरी के लिए पर्याप्त नींद सबसे आवश्यक है तथा अनिद्रा से याददाश्त भी प्रभावित होती है। डॉ. रजनीश ने स्वस्थ नींद के लिए नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि सोने और जागने का समय निर्धारित होना चाहिए। उन्होंने बेडरूम में गैजेट्स से दूरी बनाने, सोने से पहले चाय, कॉफी और धूम्रपान से बचने तथा सुबह व्यायाम करने की सलाह दी।

**नगर निगम रोहतक**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. 1H232T87 पुरानी प्रोपर्टी आई.डी. नं. 73C550U160 वार्ड / पता Salara Mohalla Market Temple Rohtak पुरानें एन.डी.सी. रिकार्ड में Kavita Devi W/o Somnath व सर्वे के अनुसार नए एन.डी.सी. रिकार्ड में NA नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. नं. में प्रार्थी जिनका नाम सुमन, रजनी, प्रियंका वसीयत/ वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उसके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

क्रमांक: MCR/ZTO/2026/445
दिनांक: 20/03/2026
हस्ता/-क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, नगर निगम रोहतक

## पीएम इंटर्नशिप 3.0 अब ₹9000 स्टाइपेंड के साथ 25 साल तक के युवा भी ले सकेंगे लाभ



■ 2000 से ज्यादा कंपनियां जुड़ीं, युवाओं को दी योजना में बदलाव की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय मॉडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने जिला विकास भवन में पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस 3.0) को लेकर जागरूकता कार्यशाला लगाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य राजपाल सिंधु ने की।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डिप्टी रजिस्ट्रार, विजय सिम्हा रेड्डी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों को योजना की प्रमुख विशेषताओं, हाल ही में किए गए संशोधनों, पात्रता मानदंड, आयु सीमा तथा स्टाइपेंड में हुए बदलावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए आयु सीमा 18 से बढ़ाकर 25 वर्ष कर दी गई है, जिससे अधिक युवा इसका लाभ उठा सकेंगे। इसके साथ ही मासिक स्टाइपेंड को 5000 रुपये से बढ़ाकर 9000 रुपये कर दिया गया है, जिससे इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को आर्थिक सहायता भी बेहतर मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पहले इस योजना में लगभग 350 कंपनियां शामिल थीं, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 2000 से अधिक कंपनियों तक विस्तारित किया गया है। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को योजना की प्रक्रिया, पंजीकरण और आवेदन से संबंधित एक जानकारीपूर्ण वीडियो भी दिखाया गया। साथ ही योजना से जुड़े पंपलेट भी वितरित किए गए।

इस अवसर पर जिला उच्च शिक्षा अधिकारी पीबी आर्य सहित विभिन्न महाविद्यालयों, महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय, श्रम विभाग, रोजगार विभाग, जिला उद्योग केंद्र और एमएसएमई के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। विजय सिम्हा रेड्डी ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे इस योजना के बारे में युवाओं को जागरूक करें।

## ग्रीवेंस कमेटी को शिकायत देने पर भी कार्रवाई नहीं, मंत्री के आदेश बेअसर

# भाई को इंसाफ दिलाने दर-दर भटक रही बहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिलें में एक बहन अपने भाई की मौत को हत्या बताते हुए पिछले करीब एक साल से इंसाफ के लिए भटक रही है, लेकिन अब तक उसे न्याय नहीं मिल पाया है। बुधवार को फिर से इंसाफ के लिए एसपी गौरव राजपुरोहित से मिली।

बता दें कि मामला जुलाई 2025 में नहर में डूबने से हुई गांधी कैंप निवासी सरदार अमित की मौत से जुड़ा है। परिवार का आरोप है कि यह हादसा नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या थी। इसके बावजूद पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट परिजन कई बार शिकायत कर चुके हैं, लेकिन नतीजा शून्य रहा। मृतक की बहन नरेंद्र कौर ने आरोप लगाया कि उन्होंने दो बार जिला ग्रीवेंस कमेटी में शिकायत दी। यहां तक कि मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भी जांच के आदेश दिए, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने मामले में ठोस कार्रवाई नहीं की। परिवार का कहना है कि वे लगातार अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है।

### लिव-इन रिश्ते से शुरू हुआ विवाद

नरेंद्र कौर के अनुसार, उनके भाई अमित को पड़ोस में रहने वाली एक महिला ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। महिला का पति लक्ष्मण जीवित था, इसके बावजूद उसने अमित के साथ लिव-इन रिलेशनशिप के कागज तैयार करवा लिए और उसके साथ रहने लगी। परिवार का आरोप है कि इसी रिश्ते के चलते आगे चलकर विवाद पैदा हुआ। नरेंद्र कौर का कहना है कि अमित को महिला के चरित्र पर शक हो गया था, क्योंकि वह अपने पति के साथ भी संपर्क में थी और अन्य लोगों के साथ भी संदिग्ध परिस्थितियों में देखी गई थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच कई बार झगड़ा हुआ।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ने बढ़ाए सवाल

नरेंद्र कौर ने बताया कि उनका भाई अमित शराब नहीं पीता था, जबकि लक्ष्मण शराब का आदी था। लेकिन जब दोनों के शव बरामद हुए, तो पोस्टमॉर्टम में अमित के शरीर में शराब के अंश पाए गए, जबकि लक्ष्मण के शरीर में शराब नहीं मिली। परिवार का कहना है कि यह तथ्य खुद इस बात की ओर इशारा करता है कि अमित को जबरन शराब पिलाकर वारदात को अंजाम दिया गया।

### ग्रीवेंस में भी नहीं मिली सुनवाई

पीड़ित परिवार का आरोप है कि उन्होंने दो बार ग्रीवेंस कमेटी में शिकायत दी, लेकिन वहां भी उनकी बात को गंभीरता से नहीं लिया गया। उनका कहना है कि पुलिस अधिकारियों ने ग्रीवेंस में यह कहकर मामला खत्म करने की कोशिश की कि जांच पूरी हो चुकी है, जबकि हकीकत में उनसे एक बार भी ठीक से पूछताछ नहीं की गई। नरेंद्र कौर का कहना है कि ना तो उन्हें आरोपी महिला के सामने बैठाकर पूछताछ की गई और ना ही मामले की निष्पक्ष जांच हुई।

### परिजनों ने लगाया हत्या की साजिश रचने का आरोप

परिजनों का आरोप है कि महिला ने अपने पति लक्ष्मण के साथ मिलकर अमित को रास्ते से हटाने की योजना बनाई। 3 जुलाई 2025 को महिला अमित को अपने साथ नहर किनारे लेकर गई, जहां पहले से उसका पति भी मौजूद था। आरोप है कि दोनों ने मिलकर अमित को जबरन शराब पिलाई और फिर उसे नहर में धक्का देकर डूबो दिया। इस दौरान कथित रूप से लक्ष्मण भी पानी में गिर गया और उसकी भी मौत हो गई।

### एसपी ने परिवार को दिया निष्पक्ष जांच का भरोसा

लगातार प्रयासों के बाद अब परिवार ने पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित से मुलाकात की है। नरेंद्र कौर के अनुसार, एसपी ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाएगी। यदि जांच में किसी की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बरला जिला बमतरा**

रा.प्र.क्र. 202502231600016/अ-27/वर्ष 2025-26

**// राजस्व मामले में नोटिस //**

क्र./177/वा./अ.वि.अ/2025
बेरला दिनांकः 04.05.2026

**कुणाल पिता अशोक जाट एवं 02 अन्य**
**विरूध्द**
**बेदपाल पिता राजपाल जाट**

प्रति


**बेदपाल पिता राजपाल जा**
**निवासीः ग्राम बहिंगा उप तहसील देवरबीजा तहसील बेरला जिला बेमेतरा (छ.ग.) वर्तमान पताः ग्राम व पोस्ट खरखड़ा महम तहसील व जिला रोहतक (हरियाणा)**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यह अपील, अपीलार्थीगण द्वारा माननीय अधिनस्थ न्यायालय के प्र.क्र. 202502231200017/अ-27/वर्ष 2024-24 में पारित आदेश दिनांक 24/11/2025 से क्षुब्ध होकर प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रकरण मेरे न्यायालय में लंबित है, जिसकी सुनवाई दिनांक 15/05/2026 के दिन के समय 11.00 बजे स्थान बेरला में नियत है। अतः आप नियत तिथि को इस न्यायालय में उपस्थित होंवें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 04.05.2026 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**हस्ता/-अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**अनुद्रिभागीय अधिकारी (रा) बेरला, जिला बेमेतरा (छग)**



# कूड़ाघर बना शहर

## सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहर बेहाल 90 टन से ज्यादा कचरा सड़कों पर फैला

## छह दिन से काम बंद लोगों का जीना मुहाल

## सफाई व्यवस्था ठप, सड़ता कचरा, बढ़ा संक्रमण का खतरा, दुर्गंध व गंदगी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सफाई संकट

शहर में सफाईकर्मियों की हड़ताल ने हालात गंभीर बना दिए हैं। पिछले छह दिनों से जारी हड़ताल के चलते शहर में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए हैं। अनुमान है कि अब तक 90 टन से भी अधिक कचरा सड़कों, गलियों और बाजारों में जमा हो चुका है, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। शहर के विभिन्न इलाकों में कूड़ा न उठने के कारण दुर्गंध फैल रही है और वातावरण दूषित हो गया है। गर्मी के मौसम में हालात और भी खराब हो रहे हैं, क्योंकि कचरे के सड़ने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि अब घरों के आसपास रहना भी मुश्किल हो गया है। खासकर बाजारों और रिहायशी कॉलोनियों में स्थिति ज्यादा खराब है, जहां हर गली में कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं। हड़ताल पर बैठे सफाईकर्मी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। हालांकि उनकी मांगों को लेकर प्रशासन और कर्मचारियों के बीच अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। इस कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। निगम की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था करने की कोशिशें भी नाकाफी साबित हो रही हैं। सीमित संसाधनों के कारण कचरे का उठान नहीं हो पा रहा है। वहीं लोगों का गुस्सा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि इतनी लंबी हड़ताल के बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ रही है।



**रात होते ही सड़कों के ये हाल :** हर गली में कचरे के ढेर, रहना मुश्किल बाजार व कॉलोनियों में हालात सबसे ज्यादा खराब, लोगों में नाराजगी प्रशासन पर उठे सवाल, निगम की वैकल्पिक व्यवस्था भी पड़ी कमजोर

### शहरवासियों ने की हड़ताल खत्म करवाने की अपील

#### लगातार मिल रही शिकायतें

इस समस्या को लेकर लोग न केवल ऑफलाइन बल्कि ऑनलाइन माध्यमों से भी नगर निगम में शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लोग लगातार तस्वीरें और वीडियो साझा कर प्रशासन से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं। बावजूद इसके, स्थिति में कोई खास सुधार नजर नहीं आ रहा है। शहर के लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है निगम की सभी व्यवस्थाएं फेल साबित हो रही हैं।

#### बढ़ सकती है बीमारियां

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि जल्द ही कचरा नहीं उठाया गया तो शहर में संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति ज्यादा खतरनाक हो सकती है। शहरवासियों ने प्रशासन से अपील की है कि सफाईकर्मियों की मांगों का जल्द समाधान कर हड़ताल समाप्त करवाई जाए, ताकि सफाई व्यवस्था बहाल हो सके। जब तक हड़ताल है, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था मजबूत की जाए।

## नशा तस्कर को 12 साल कैद की सजा



**रोहतक।** एएसजे डॉ. भूपेंद्र कुमार की अदालत ने नशा तस्कर को दोषी ठहराते हुए 12 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है जिस की अदायगी न किए जाने पर एक साल की अतिरिक्त सजा भी काटनी होगी। मामले के अनुसार, जुलाई 2021 में सांपला पुलिस को सूचना मिली कि नशा तस्कर बाइक पर इस एरिया में आएंगे। पुलिस ने मोरखेडी समचाना रोड पर नाका बन्दी की थी। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया था। करीब एक किलो 360 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। अब अदालत ने दोषी मनोज निवासी ईस्माइला को सजा सुनाई है।

- एक लाख रुपये जुर्माना न देने पर एक साल की अतिरिक्त कैद

## प्रदेश में जो रिश्वत लेगा वो बचेगा नहीं: डीएसपी

### घूस लेते पकड़े गए आरटीओ के दो अधिकारी पहले से ही रहे दागदार, 2019 का मामला कोर्ट में विचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती का बड़ा संदेश देते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने रोहतक में आरटीओ दफ्तर से जुड़े दो अधिकारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। बुधवार को एसीबी के डीएसपी सोमबीर देशवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों से कहा कि जो भी रिश्वत लेगा, वह पकड़ा जाएगा। यह कार्रवाई उस समय की गई जब आरोपी अधिकारी शिकायतकर्ता से एक लाख रुपये की किस्त ले रहा था। एसीबी टीम पहले से ही जाल बिछाकर मौके पर मौजूद थी और जैसे ही पैसे का लेन-देन हुआ, टीम ने तुरंत दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। डीएसपी सोमबीर देशवाल ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी पहले भी विवादों में रह चुके हैं। मनीष मदान के खिलाफ वर्ष 2019 में एक मामला दर्ज हुआ था, जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है। वहीं राकेश राणा के खिलाफ पंचकूला में दो केस पहले से दर्ज हैं और वे भी न्यायालय में लंबित हैं।



आरोपित एसीबी की टीम के साथ।

#### प्रति गाड़ी 7 हजार की डील, लाखों का खेल

डीएसपी सोमबीर देशवाल ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरटीओ ऑफिस में तैनात ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर राकेश राणा और सहायक सचिव मनीष मदान ने एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी से प्रति गाड़ी 7 हजार रुपये मासिक रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता के पास करीब 150 गाड़ियां हैं, जिसके चलते आरोपियों ने उससे हर महीने मोटी रकम वसूलने की योजना बनाई।

*एसीबी का सख्त संदेश:* डीएसपी सोमबीर देशवाल ने कहा कि एसीबी को मिलने वाली हर शिकायत पर गंभीरता से कार्रवाई की जाती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अगर कोई भी अधिकारी रिश्वत मांगता है तो तुरंत इसकी सूचना एसीबी को दें।

#### चालान के बहाने शुरू हुआ रिश्वत का खेल

पूरे मामले की शुरुआत एक साधारण मुलाकात से हुई थी। शिकायतकर्ता अपने दोस्त की गाड़ी का चालान भरने के लिए आरटीओ ऑफिस पहुंचा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात आरोपियों से हुई। बातचीत के दौरान आरोपियों ने उसे "सिस्टम" समझाते हुए प्रति गाड़ी 7 हजार रुपये मासिक देने का प्रस्ताव रखा। इसके बदले में उसे जांच और चालान से राहत देने का भरोसा दिया गया। धीरे-धीरे यह सौदा लाखों रुपए तक पहुंच गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## जाट शिक्षण संस्थान चुनाव: 17 को मतदान, 66 उम्मीदवार मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में जाट शिक्षा समिति द्वारा संचालित तीन कॉलेजों की अलग-अलग गवर्निंग बॉडी के 11 सदस्यों व स्टाफ सदस्यों के प्रतिनिधियों का चुनाव 17 मई को करवाया जाएगा। इसके बुधवार को चुनाव चिह्न आवंटित किए गए। यह जानकारी जाट शिक्षक संस्थान के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने प्रेस वार्ता में दी।

गुलाब सिंह दिमाना ने बताया कि चुनाव के लिए एमडीयू की तरफ से कंप्यूटर साइंस विभाग के प्रोफेसर राहुल ऋषि को ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। उनकी मौजूदगी में उम्मीदवारों को चुनाव चिह्न अलॉट किए गए और 17 मई को मतदान करवाया जाएगा, जिसमें कॉलेजियम के सदस्य ही शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन चुनाव के लिए 66 नामांकन प्राप्त हुए है। पत्रकार वार्ता में उप प्रधान धर्मराज, महासचिव एडवोकेट नवदीप मोनू व कई कॉलेजियम सदस्य मौजूद रहे। प्रधान गुलाब सिंह दिमाना ने बताया कि जाट संस्था के तीन कॉलेजों में गवर्निंग बॉडी के चुनाव होने हैं। इनमें जाट कॉलेज, महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज और सी आर बीएड कॉलेज शामिल है। 17 मई को मतदान के बाद ही मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी।

उन्होंने बताया कि तीनों कॉलेजों मे गवर्निंग बॉडी का चुनाव न होने के चलते अनेक प्रशासनिक व विकास कार्य रुके हुए है, जिसके चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुकसान हो रहा है और साथ ही संस्था को भी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। जाट कॉलेज, महारानी किशोरी कॉलेज व सी. आर कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एडेड टीचिंग स्टाफ बेहद कम है जिसके कारण अनुबंधित आधार पर भर्ती करनी पड़ती है, इसी कारण पिछले 10 साल मे संस्था को कई करोड़ का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि संस्था से जुड़े कुछ सदस्यों की ओर से लगातार इस चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप करके चुनाव प्रक्रिया को बार-बार बाधित किया जा रहा था।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते जाट शिक्षक संस्थान के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर कॉलेजियम सदस्य सुनील सिन्हा, डॉ. कपूर ढाका, सुखबीर हुड्डा, पवन कादयान, दिलबाग नेहरा, वेदपाल, जय भगवान, डॉ. आजाद हुड्डा, समरजीत, सुरेंद्र, कर्मबीर बल्हारा, विजेंद्र दांगी मौजूद रहे।*

## मिलेट्स ग्लूटेन-फ्री अनाज : प्रो. सालार


**रोहतक।** महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के फूड टेक्नोलॉजी विभाग में मिलेट्स के बायोवैलोराइजेशन विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित हुआ। व्याख्यान डॉ. राज कुमार सालार, प्रोफेसर, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी ने दिया। प्रो. सालार ने बताया कि मिलेट्स ग्लूटेन-फ्री अनाज हैं, जिनमें कैल्शियम, आयरन व फॉस्फोरस भरपूर मात्रा में होते हैं। बदलती जीवनशैली और फास्ट फूड के कारण शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ रहा है, जिससे कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह व मोटापा जैसी बीमारियां बढ़ रही हैं। फर्मेंटेड मिलेट्स फ्री रेडिकल्स के प्रभाव को कम कर शरीर को बेहतर पोषण प्रदान करते हैं और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के प्रबंधन में सहायक हो सकते हैं। साथ ही मिलेट्स को पर्यावरण के लिए भी लाभकारी बताया। विभागाध्यक्ष प्रो. बलजीत सिंह यादव ने अतिथि का स्वागत करते हुए विषय को समकालीन और उपयोगी बताया। मौके पर शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### एंबुलेंस और एसयूवी में जोरदार टक्कर

## आधी रात जाट कॉलेज के पास गूंजा धमाका, टला बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में देर रात एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जाट कॉलेज के पास करीब रात 1:30 बजे एंबुलेंस और एक एसयूवी गाड़ी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि आसपास के लोगों को तेज धमाके की आवाज सुनाई दी और कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी प्रकार की जानहानि नहीं हुई। दोनों वाहन तेज रफ्तार में थे और अचानक आमने-सामने आ गए। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियों के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद राहगीरों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस को सूचना दी।



#### एंबुलेंस किसी मरीज को छोड़कर लौट रही थी

बताया जा रहा है कि एंबुलेंस किसी मरीज को छोड़कर लौट रही थी, जबकि एसयूवी सवार अपने निजी काम से जा रहे थे। टक्कर के बावजूद दोनों वाहनों में सवार लोग सुरक्षित रहे, जिससे सभी ने राहत की सांस ली। मौके पर मौजूद लोगों का कहना था कि रात के समय कई वाहन चालक तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे इस तरह के हादसों की आशंका बनी रहती है। जाट कॉलेज के आसपास का क्षेत्र भी देर रात तक सक्रिय रहता है, ऐसे में सावधानी बेहद जरूरी है।

#### दोनों पक्षों ने मौके पर ही किया समझौता

हालांकि, इस मामले में कानूनी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ सकी। दोनों पक्षों ने आपसी बातचीत के बाद मौके पर ही समझौता कर लिया। किसी भी पक्ष ने पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी, जिसके चलते मामला यहीं शांत हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें हादसे की सूचना मिली थी और टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। चूंकि दोनों पक्षों ने शिकायत नहीं दी, इसलिए कोई केस दर्ज नहीं किया गया।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में कुलपति एवं रजिस्ट्रार के साथ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित शोधार्थी। फोटो : हरिभूमि

### बीएमयू के शोधार्थियों ने बढ़ाया मान

## पर्यावरणीय स्थिरता पर राष्ट्रीय सम्मेलन में पाया शीर्ष सम्मान

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय (बीएमयू), रोहतक के प्राणीशास्त्र विभाग के शोधार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित सम्मेलन में शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सम्मान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बीच अंतरापृष्ठः वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय स्थिरता की ओर एक सेतु विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में बीएमयू की शोधार्थी डिंपल ने सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति के लिए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, पूनम ने द्वितीय और रूबी ने तृतीय स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय को गौरव का अवसर प्रदान किया। इस राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन श्री साई विश्वविद्यालय, पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) के 'साई जैव विज्ञान विद्यालय' द्वारा किया गया था, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन में प्रस्तुत अपने शोध में बीएमयू के इन शोधार्थियों ने वर्तमान समय की गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों-विशेषकर हरियाणा क्षेत्र में बढ़ते सूक्ष्म-प्लास्टिक (माइक्रोप्लास्टिक्स) और भारी धातु प्रदूषण-पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किया। यह उल्लेखनीय शोध कार्य विश्वविद्यालय के 'आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ ' के निदेशक एवं प्राणीशास्त्र विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. अरूप गिरी के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पारि-विषविज्ञान और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के विशेषज्ञ डॉ. गिरी ने कहा कि आज के समय में स्थानीय पर्यावरणीय समस्याओं का वैज्ञानिक अध्ययन वैश्विक समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कुलपति प्रो. बीएम यादव ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि हमारे विश्वविद्यालय में शोध और नवाचार को किस स्तर पर प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं, रजिस्ट्रार प्रो. विनोद कुमार ने कहा कि बीएमयू सदैव से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. नवीन कपिल, डीन फैकल्टी ऑफ साइंसेज प्रो. मनोज कुमार, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. अरूप गिरी तथा शोधार्थी पूनम और रूबी भी उपस्थित रहे।

- बीएमयू के शोधार्थियों ने राष्ट्रीय सम्मेलन में रचा इतिहास
- पर्यावरण शोध में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## कला को मिला मंच, केंद्रीय मंत्री आज सुपवा में विद्यार्थियों को करेंगे सम्मानित

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) में वार्षिक कला प्रदर्शनी छात्रों की सालभर की मेहनत को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच है। आज केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में पहुचेंगे और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करेंगे। कुलगुरू डॉ. अमित आर्य ने कहा कि इस वर्ष प्रदर्शनी का 11वां संस्करण आयोजित किया गया है, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कला कौशल का शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनी में प्रस्तुत कलाकृतियों का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है। इस तरह के आयोजनों से छात्रों को अपनी प्रतिभा निखारने और भविष्य में आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं।

### सरकारी सेवाओं से लेकर ग्लोबल सेक्टर तक मिलेंगे मौके, 2030 तक बढ़ेगी एआई और बिग डेटा एक्सपर्ट्स की मांग

अब डिग्री नहीं स्किल और डेटा समझ से बनेगा करियर

## अब डेटा व एआई से चमकेगा अर्थशास्त्र के छात्रों का भविष्य पारंपरिक पढ़ाई से आगे बढ़कर अपनाएं तकनीकी कौशल

- एआई और बिग डेटा के दौर में इकोनॉमिक्स की बढ़ी अहमियत
- बैंकिंग, स्टॉक मार्केट और पॉलिसी सेक्टर में बढ़ती मांग

#### करियर निर्माण का महासागर



डॉ. हर्षउत्तर भारत के प्रतिष्ठित शैक्षणिक केंद्रों में शुमार नेकीराम कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग के विशेषज्ञ डॉ. हर्ष नांदल ने बताया कि वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में अर्थशास्त्र केवल एक विषय नहीं, बल्कि करियर निर्माण का महासागर है। अर्थशास्त्र विभाग उत्तर भारत के सबसे प्रतिष्ठित विभागों में से एक है, जहां से निकले छात्र आज देश-दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अर्थशास्त्र विभाग की जिले के नेकीराम कॉलेज में 60 सीट और राजकीय महिला महाविद्यालय में 80 सीटें हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्टूडेंट गाइड

आज के बदलते वैश्विक परिदृश्य में अर्थशास्त्र केवल एक शैक्षणिक विषय नहीं, बल्कि करियर निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है। स्नातकोत्तर स्तर पर अर्थशास्त्र की पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए अवसरों की कोई कमी नहीं है, बशर्ते वे पारंपरिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल भी विकसित करें।

विशेषज्ञों का मानना है कि डेटा विश्लेषण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और अर्थमिति जैसे आधुनिक कौशल आज के दौर में सफलता की कुंजी बन चुके हैं।

बैंकिंग, वित्त, नीति निर्माण, रिसर्च और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों तक, हर क्षेत्र में कुशल अर्थशास्त्रियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। सरकारी सेवाओं जैसे भारतीय आर्थिक सेवा और रिजर्व बैंक में भी आकर्षक अवसर उपलब्ध हैं। ऐसे में जरूरी है कि छात्र समय की मांग को समझते हुए खुद को तकनीकी रूप से सक्षम बनाएं, ताकि वे न केवल बेहतर करियर बना सकें, बल्कि देश की आर्थिक नीतियों और विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

#### एआई और भविष्य की मांग

*दुनिया में 2030 तक एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस), बिग डेटा और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ेगी। आने वाले समय में पारंपरिक डिग्री के साथ-साथ एआई स्किल करियर का भविष्य तय करेंगे।*

#### प्रमुख करियर विकल्प-विशेषज्ञ पद

अर्थशास्त्री, डेटा विश्लेषक, नीति विश्लेषक और वित्तीय सलाहकार।

#### व्यावसायिक क्षेत्र

बैंकिंग, स्टॉकब्रोकर, वेल्थ मैनेजर और अंतरराष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ।

#### डेटा विश्लेषण सॉफ्टवेयर का ज्ञान जरूरी

अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर करने के बाद अवसरों की कमी नहीं है, बशर्ते छात्रों के पास केवल डिग्री न होकर व्यावहारिक कौशल भी हो। आज के दौर में डेटा विश्लेषण सॉफ्टवेयर का ज्ञान होना अनिवार्य है, जो छात्रों को बैंकिंग, बीमा और स्टॉक मार्केट जैसे क्षेत्रों में एक कुशल 'डेटा विश्लेषक' के रूप में स्थापित कर सकता है।सरकारी और प्रतिष्ठित सेवाओं में अवसरस्नातकोत्तर के बाद छात्र इंडियन इकोनॉमिक सर्विसेज (आईईएस) जैसी प्रतिष्ठित सेवा की तैयारी कर सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक में स्पेशल ऑफिसर के पद करियर को नई ऊंचाई दे सकते हैं। वाणिज्य के छात्रों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) बनने के बाद सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में स्वर्णिम भविष्य उपलब्ध है।